// बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 03 दिनांक 21-1-2007

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
गृह विभाग, बिहार, पटना।
आरक्षी महनिदेशक, बिहार, पटना।

**विषयः- श्री अंजय कुमार राय, बिहार प्रशासनिक सेवा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, परसा (छपरा) पर अपराधिक तत्वों द्वारा किए गए हमला पर संघ की प्रतिक्रिया एवं विरोध।**

महाशय,

उपयुक्त विषयक बिहार प्रशासनिक सेवा संघ जिला शाखा छपरा से प्राप्त बैठक की कार्यवाही पर संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की दिनांक- 20.01.07 की आपातकालीन बैठक में विचार किया गया। बैठक में श्री अंजय कुमार राय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (परसा) छपरा पर दिनांक- 17.01.2007 को ग्राम विकास शिविर, भेल्दी से प्रखण्ड मुख्यालय लौटने के क्रम में प्रखण्ड प्रमुख के पति श्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मन्टू सिंह एवं उनके सहयोगियों के द्वारा मनमाने / अनियमित तरीके से योजनाओं की स्वीकृति नहीं करने के फलस्वरूप जानलेवा हमला करने की घटना की कड़ी निन्दा की गयी।

श्री राय के गम्भीर रूप से घायल होने के फलस्वरूप उन्हें इलाज हेतु पी॰ एम॰ सी॰ एच, पटना लाया गया तथा जख्म की गम्भीरता को देखते हुए उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया। घटना की प्राथमिकी सम्बन्धित थाना में दर्ज करा दी गयी है।

उसी क्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एकमा एवं जलालपुर छपरा पर आपराधिक तत्वों के द्वारा किए गए हमले पर भी विचार किया गया। विचरोपरान्त यह पाया गया कि विकास से जुड़े पदाधिकारियों पर साजिश के तहत एक के बाद एक पर हमले किए जा रहे है। नरसिंग कन्ट्रक्सन मधेपुरा के अभियंता की हत्या हो या बक्सर में डम्फर जलाने की घटना, इन्ही घटनाओं की एक कड़ी है। विकास कार्य को बाधित करने हेतु इस प्रकार के किए जा रहे कुकृत्य पूर्णतः प्रायोजित है। पुलिस तंत्र को ऐसे दुर्घटनाओं को रोकने हेतु कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए तथा ऐसी घटनाओं के लिए आरक्षी अधीक्षक को सीधे तौर पर जिम्मेवार बनाया जाय। सरकार यह समीक्षा करे कि इन घटनाओं से पूर्व और बाद में आरक्षी अधीक्षक, छपरा तथा मधेपुरा की क्या भूमिका रही।

कृ॰ पृ॰ ऊ॰..

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–    दिनांक..............................



अगर विकास कार्यो से जुड़े पदाधिकारियों/एजेन्सियों को पूरी सुरक्षा नहीं मुहय्या कराया गया; तो विकास एक परिकल्पना बन कर रह जायगी और बिहार कभी भी विकसित राज्य का दर्जा प्राप्त नहीं कर सकेगा।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री अंजय कुमार राय पर हुए जानलेवा हमला के संदर्भ में संघ यह मांग करती है कि:-

1. इस घटना के मुख्य अभियुक्त श्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मन्टू सिंह का अग्नेआस्त्र की अनुज्ञप्ति तात्कालिक प्रभाव से रद्द किया जाय।
2. सभी अंचलों में अंचल गार्ड के रूप में नियमिति सशस्त्र बल अंचल अधिकारी के नियंत्रण में प्रतिनियुक्त किए जाय।
3. श्री अंजय कुमार राय प्र० वि० पदा० परसा सहित प्र० वि० पदा० एकमा एवं जलालपुर को सरकारी अंगरक्षक मुहैय्या कराया जाय।
4. घटना में संलिप्त मुख्य अभियुक्त सहित सभी सहयोगियों की गिरफ्तारी / जप्ती कुर्की तुरन्त सुनिश्चित किया जाय।

इन मांगों की पूर्ती सरकार तुरन्त करे। इस संदर्भ में छपरा शाखा द्वारा किए गए निर्णय का हम पूर्ण समर्थन करते है।

अंत में हम सरकार को आगाह करना चाहते है कि अगर विकास से जुड़े हमारे पदाधिकारियों पर किए जा रहे सुनियोजित हमलों को नहीं रोका गया तो संघ प्रखण्ड में कार्यरत पदाधिकारियों को अनुमंडल / जिला मुख्यालय बुलाए जाने पर तत्परता पूर्वक विचार करेगी और इसके फलाफल की जिम्मेवारी सरकार पर होगी।

विश्वासभाजन,

ह०    ह०

विपिन कुमार सिन्हा
महासचिव

कृष्ण मुरारी शर्मा
अध्यक्ष

अनु०– (छपरा जिला शाखा की बैठक की कार्यवाही)।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
सत्यमेव जयते

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)


पत्रांक–

दिनांक..............................



**प्रतिलिपि-** मुख्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.1.2007

**विपिन कुमार सिन्हा**
**महासचिव**

ज्ञापांक- 03

दिनांक- 21-1-07

**प्रतिलिपि** - निदेशक दूरदर्शन एवं आकाशवाणी को सूचनार्थ एवं प्रसारणार्थ प्रेषित।

- सम्पादक सभी दैनिक समाचार पत्रों हिन्दी / अंग्रेजी/ यू॰ एन॰ ई॰ / पी॰ टी॰ आई॰ को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

21.1.2007

**विपिन कुमार सिन्हा**
**महासचिव**

वर्ष – 1 ...
Ad
25/1/07

# बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कारपोरेशन लि0,

( बिहार सरकार का उपक्रम )

पाठ्य पुस्तक भवन, बुद्ध मार्ग, पटना-1

फोनः 2221975, 2205203, 2222783 फैक्सः 0612-223688 E mail : pat_bstbpc@dataone.in

पत्रांकः 103 / पटना, दिनांकः 24-1-07/

सेवा में,

व्यस्थापक,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,
जवाहरलाल नेहरू मार्ग,
पटना-800 015

विषयः- निगम का विज्ञापन प्रकाशित करने के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक 02/07 दिनांक 03.01.2007 के सम्बन्ध में कहना है कि अपने द्वैमासिक पत्रिका ''प्रशासन'' के अगले एक अंक में निगम का विज्ञापन एक पूरे श्वेत-श्याम में प्रकाशित करने का कष्ट करेगें ।इसके लिए निगम रू0 6,500/- का भुगतान करेगी ।

विज्ञापनोपरान्त आपके द्वारा विज्ञापित सामग्री के साथ तीन प्रतियों में विपत्र उपस्थापित करने पर भुगतान किया जायेगा ।

विश्वासभाजन,

24.1.07

( वैद्यनाथ मिश्र ),
प्रबन्ध निदेशक ।

अनु0 उपरिवत ।